# सीवरेज सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत कैसे हुई?

## हाईकोर्ट ने निगम आयुक्त और जोन उपायुक्त सहित ठेकेदार को कोर्ट में पेश होकर बताने के लिए कहा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त और झोटवाडा जोन उपायुक्त सहित संबंधित ठेकेदार को 6 मई को अदालत में पेश होकर बताने को कहा है सीवरेज सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत कैसे हुई। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश स्नेहांश फाउंडेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता पलक सक्सैना ने अदालत को बताया कि प्रदेश में हाथ से मैला ढोने वालों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की अवहेलना की जा रही है। जयपुर और जोधपुर जैसे बड़े शहरों में सरकार इस अधिनियम के प्रावधान लागू करने में विफल रही है। जिसके चलते हाथ से मैला ढोने और सीवर की सफाई के दौरान दुखद घटनाएं हुई हैं। याचिका में कहा गया कि गत 17 अप्रैल को सीवर की सफाई के लिए दो मजदूर को चैंबर में उतारा गया। जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई, जबकि मैनहोल की सफाई मशीनों से करने का प्रावधान है। सीवर सफाई का कार्य नगर निगम के अधिकारियों के निर्देश और मार्गदर्शन में होता है। ऐसे में ऐसी घटनाओं के लिए वे जिम्मेदार है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने निगम आयुक्त और उपायुक्त सहित संबंधित ठेकेदार को हाजिर होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।गौरतलब है कि झोटवाड़ा नगर निगम एरिया के तहत करधनी इलाके में 17 अप्रैल को सफाईकर्मी अजय और रामबाबू बिना सुरक्षा उपकरण सीवर लाइन साफ करने उतरे थे। इस दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आने से उनकी मौत हो गई। घटना को लेकर 6 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है।

- **गौरतलब है कि झोटवाड़ा नगर निगम एरिया के तहत करधनी इलाके में 17 अप्रैल को सफाईकर्मी अजय और रामबाबू बिना सुरक्षा उपकरण सीवर लाइन साफ करने उतरे थे। इस दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आने से उनकी मौत हो गई। घटना को लेकर 6 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है।**

## जेकेके में सजेगी पुराने गीतों की महफिल

**जयपुर** । संगीत ग्रुप अरुणाज़ गीत गाता चल की ओर से 2 मई को "गा मेरे मन गा-सीजन 6" कार्यक्रम का आयोजन जवाहर कला केन्द्र में किया जाएगा। इन्द्रधनुष शीर्षक से होने वाला यह कार्यक्रम मशहूर संगीतकार ओ.पी. नैय्यर, लक्ष्मीकान्त-प्यारेलाल और आर.डी.बर्मन द्वारा संगीतबद्ध गीतों को समर्पित रहेगा।

कार्यक्रम में उनके सुपर हिट संगीत से सजे एकल और युगल गीतों की महफ़िल सजाई जाएगी। श्रोता बॉलीवुड गीतों के स्वर्णकाल कहे जाने वाले दौर के लगभग 27 मीठे-मधुर गीतों का लुत्फ़ उठा सकेंगे। कार्यक्रम में 1950 से 1990 के दशक के चुनिंदा गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। यह कार्यक्रम शाम साढ़े पाँच बजे जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## गुजरात-महाराष्ट्र के लोगों से राज्यपाल ने किया संवाद

- **लोकभवन में महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस मनाया गया**

**जयपुर** । लोकभवन में शुक्रवार को महाराष्ट्र और गुजरात राज्य का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान दोनों राज्यों के लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात के भाषायी आधार पर अलग राज्य बनने के बाद से ही दोनों ने राष्ट्रीय प्रगति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल बागडे ने महाराष्ट्र और गुजरात को स्वाधीनता आंदोलन की उर्वर भूमि बताते हुए सरदार पटेल, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक आदि का भी स्मरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ गुजरात ने देशभर में अपनी उत्सवधर्मी सांस्कृतिक, सामाजिक परम्पराओं से भी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाराष्ट्र को अध्यात्म, दर्शन और संत परम्पराओं की धरती बताते हुए कहा कि संत तुकाराम, स्वामी समर्थ रामदास जी जैसे संतों की इस धरती पर ही छत्रपति शिवाजी, सावरकर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जैसे व्यक्तित्वो ने समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल की।

बागडे ने कहा कि लोकभवन में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंर्तगत राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी अनूठी संस्कृति को हम अनुभूत कर सकें। उन्होंने अतीत की परम्पराओं को सहेजते हुए दोनों ही प्रदेशों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी उपस्थित रहे।

## पेयजल समस्या से परेशान महिलाओं ने मटके फोड़े-

**जयपुर** । निवर्तमान कांग्रेस पार्षद पं. करण शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने जलदाय विभाग के सिविल लाइंस फाटक स्थित कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत से जूझ रही महिलाओं ने जलदाय विभाग के कार्यालय के बाहर खाली मटके फोड़कर विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पार्षद पंडित करण शर्मा ने कहा कि, "पूरा शहर भीषण गर्मी की तपिश झेल रहा है और स्वेज फार्म की जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज महिलाओं ने मटके फोड़कर यह संदेश दिया है कि यदि विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं खुली, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र होगा।

## डॉ. राकेश हूजा की स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन

**जयपुर** । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. राकेश हूजा सम्मानित शिक्षाविद् और संस्थान निर्माता थे, जो राजस्थान के विकास के प्रति गहराई से समर्पित थे। उन्होंने 1994-95 में कमांड एरिया डेवलपमेंट विभाग में उनके अधीन कार्य करने तथा बाद में एचसीएमरीपा के डायरेक्टर जनरल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम करने की स्मृतियां साझा की। दरअसल डॉ. राकेश हूजा की स्मृति में शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संगोष्ठी आयोजित की गई। जयपुर में यह संगोष्ठी का प्रथम संस्करण था, जो कि 'रिफॉर्मेटिव गवर्नेंस' विषय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने कहा कि डॉ. हूजा की विरासत उनके शैक्षिणक योगदानों के माध्यम से आज भी जीवित है। श्रीनिवास ने उन्हें अपने साथ कार्य करने वाले सबसे विद्वान आईएएस अधिकारियों में से एक बताते हुए शासन में तकनीक की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आधार, डीबीटी, यूपीआई और मनरेगा जैसी डिजिटल पहलों एवं कल्याणकारी योजनाओं ने सेवा वितरण को और अधिक सशक्त बनाया है। उन्होंने इस संगोष्ठी को 'विकसित राजस्थान' की दिशा में सुधारों पर विचार-विमर्श के लिए समयानुकूल बताया।

# रीको के नए प्रावधान से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ेंगी जनसुविधाएं

## औद्योगिक क्षेत्रों में ही कामगारों को डिस्पेंसरी, विद्यालय तथा कामकाजी महिलाओं को मिल पायेगी क्रेच सुविधा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत उद्यमियों और कामगारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रीको ने अपने नियमों का सरलीकरण किया है। संशोधित प्रावधानों के तहत अब औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक जनसुविधाओं के विकास के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

रीको भूमि निस्तारण नियम, 1979 के नियम 3 (जी) में आंशिक संशोधन करते हुए पुलिस चौकी, ईएसआई डिस्पेंसरी, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाल देखभाल केंद्र (क्रेच) और सरकारी विद्यालयों के लिए भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कार्यस्थल के आसपास ही आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी।

नए प्रावधान के अनुसार पुलिस चौकी के लिए अधिकतम 1 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित होगी, जिस पर केवल 10 रुपये का एकमुश्त आर्थिक किराया लिया जाएगा और कोई सेवा शुल्क देय नहीं होगा। इसी प्रकार सर्विस एरिया में सरकारी विद्यालयों के लिए भी भूमि निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

- **नए प्रावधान के अनुसार पुलिस चौकी के लिए अधिकतम 1 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित होगी, जिस पर केवल 10 रुपये का एकमुश्त आर्थिक किराया लिया जाएगा और कोई सेवा शुल्क देय नहीं होगा।**

महिला एवं बाल विकास विभाग या स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) के माध्यम से 250 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल पर क्रेच स्थापित करने के लिए भी भूमि निःशुल्क दी जाएगी। इस पर भी केवल 10 रुपये का एकमुश्त किराया लिया जाएगा और सेवा शुल्क माफ रहेगा। एसपीवी में संबंधित औद्योगिक क्षेत्र के उद्यिमयों या भू-आवंटियों की भागीदारी आवश्यक होगी।

इसके अतिरिक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार को कैलिब्रेशन टावर के लिए 500 वर्गमीटर तक तथा उपभोक्ता मामले विभाग को वर्किंग और सेकेंडरी स्टैंडर्ड लैब स्थापित करने के लिए क्रमशः 350 और 660 वर्गमीटर तक भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होने पर प्रचलित दरों के अनुसार आवंटन किया जाएगा।

रीको के इन नए प्रावधानों से औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और बाल देखभाल जैसी सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे न केवल उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि कामगारों और स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व-गणना में लिया भाग




**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनगणना 2027 के तहत 1 मई से प्रारंभ हुई स्व-गणना में स्वयं भाग लेकर नागरिकों को प्रेरित किया। उन्होंने आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरते हुए आवश्यक जानकारी दर्ज कर फॉर्म सबमिट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 डिजिटल और विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस महाअभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़े एवं राष्ट्र निर्माण के इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देकर इसे सफल बनाए।

- **मुख्यमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण से जुड़े इस महाअभियान में जुड़ने की अपील की**

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत प्रगणक 16 मई से घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य शुरू करेंगे। इससे 15 दिन पहले 1 मई से 15 मई तक आमजन को स्व-गणना की विशेष सुविधा दी गई है, जिसमें नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं।

## सार-समाचार

### अमृतम् जल सेवा मंदिर का उद्घाटन




**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा मजदूर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सीतापुरा स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र में अमृतम् (प्रभु कृपा) जल सेवा मंदिर का उद्घाटन किया गया। यह पहल भीषण गर्मी में श्रमिकों, राहगीरों एवं आमजन को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष सेनि. आरएएस एन.एल.वर्मा ने कहा कि मजदूर दिवस पर श्रमिकों के सम्मान एवं बुद्ध पूर्णिमा के संदेश-करुणा, सेवा और मानवता-को ध्यान में रखते हुए यह जल सेवा मंदिर समाज के लिए एक सराहनीय पहल है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य व चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अमृतम् जल सेवा मंदिर तीन स्थानों पर लगाये जा चुके है, जिनमें चेतक मार्ग, इंडिया गेट एवं एनएवी सर्किल सीतापुरा है। आयोजन समिति ने बताया कि यह सेवा निरंतर संचालित रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर संरक्षक ओम प्रकाश पोद्दार, ओच्चित्य पोद्दार, दुर्गा वर्मा, कौशल सत्यार्थी, धर्मपाल, धर्मेश, दीपिका, लवीना, मनीष, रूपेंद्र, धर्मेन्द्र आलोरिया सहित अनेक लोग व श्रमिक भी उपस्थित रहे।

### शुभम क्लब की वार्षिक बैठक संपन्न



**जयपुर।** महिलाओं ने शाम म्यूज़िक, मस्ती और डांस के साथ खास बनाई, जहां सभी मेंबर्स के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, कुछ ऐसा नजारा था शुभम क्लब की वार्षिक एजीएम मीटिंग 2026-27 का। जिसे इस वर्ष सेलिब्रेटिंग यू... वेयर एव्री मोमेंट रिफ्लेक्ट्स योर लाइट थीम पर रखा गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्य की विशिष्टता, आत्मविश्वास और सामूहिक विकास की भावना को उजागर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैठक रही, जिसमें 2025-26 के लिए क्लब की बोर्ड टीम को यथावत रखा गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्राची अग्रवाल एवं सचिव राशि गाडिया के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने क्लब की उपलब्धियों, गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों को प्रेरित किया। इस दौरान क्लब की संस्थापक सदस्य, ब्रिंदा रूंगटा, माला खेतान एवं सरोज गोयल उपस्थित रही। वर्तमान कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पल्लवी पाटनी, संयुक्त सचिव पूजा धड्डा, उपासना बजाज एवं कोषाध्यक्ष स्नेहा काबरा व सविता पंसारी शामिल हैं। निदेशक मंडल में राधा माहेश्वरी, ज्योति जैन, मोनिका आर्या, वसुंधरा काबरा, राधिका अग्रवाल, शिखा बावरी, मीना काबरा, स्मिता पोद्दार शामिल हैं।

### श्रमिकों के लिए विशेष शिविर लगाया



**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सैकण्डरी स्कूल, बडोदिया बस्ती, जयपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पल्लवी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में श्रमिकों के श्रम कार्ड आदि बनवाये गये तथा श्रम कार्डों के आधार पर राजस्थान सरकार द्वारा जारी विभिन्न जनकल्याणकारी स्कीमों के लाभ उन तक पहुंचाने के प्रयास किये गए। श्रमिकों के लिए मेडिकल कैम्प लगाकर उनके स्वास्थ्य की जांच की की गई। गुलाबबाड़ी उद्यान बनीपार्क में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मजदूर डायरी की वितरण किया गया। इस कार्यक्रमों में कुल 485 श्रमिक व आमजन लाभान्वित हुए। कार्यक्रमों में श्रम विभाग से लेबर इंस्पेक्टर आकाश आर्य, लेबर यूनियन ओमप्रकाश, एक्शन एड एन.जी.ओ से कार्यकर्ता, गीतांजलि अस्पताल से डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय से देवेन्द्र कुमार, प्रकाश मीणा, अब्दुल हाफिज और कमल सिंह उपस्थित रहे।

### मनरेगा में स्वीकृत अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं : सत्यानी

**जयपुर** । ईजीएस आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को महात्मा गांधी नरेगा योजना के सम्बंध में सभी जिलों के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ शासन सचिवालय से वी.सी. के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने राज्य में महात्मा गांधी नरेगा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में सभी जिलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर योजना में पूर्व स्वीकृत समस्त अपूर्ण कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करवाने, जिलों को महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत जारी लक्ष्यानुसार श्रमिक नियोजन करते हुए अधिक से अधिक जॉब कार्डधारी परिवारों को निर्धारित समयावधि में रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने महात्मा गांधी नरेगा योजना में राज्य में पंचायत पौधशालाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पौधशालाओं में पौधों का चयन करें ताकि मानसून के दौरान राज्य की पौधशालाओं में विभिन्न प्रकार के पौधों की किस्म तैयार हो सके।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स की पालना से साफ होंगे शहर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 की प्रभावी क्रियान्विति तथा नगरीय निकायों में स्वच्छता व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी नगरीय निकायों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक विभाग प्रतीक जुइकर, मुख्य अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अरुण व्यास सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे । शासन सचिव रवि जैन ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी नगरीय निकायों को इनकी शत-प्रतिशत एवं प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बल्क वेस्ट जनरेटर्स के लिए निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा रंग आधारित कचरा पात्र (कलर कोडिंग) की व्यवस्था को जमीनी स्तर पर पूर्ण रूप से लागू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित किया ।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की प्रक्रिया में आई तेजी

## 918 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के कार्यों के लिए स्वीकृति पत्र हुआ जारी

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जयपुर में सार्वजनिक परिवहन की जीवन रेखा जयपुर मेट्रो फेज-2 का कार्य जल्द शुरू होगा। जयपुर मेट्रो रेल कॉपरिशन लिमिटेड ने एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशन के डिजाइन एवं निर्माण कार्य के लिए 918.04 करोड़ से अधिक की लागत के कार्यों के लिए एलओए (स्वीकृति पत्र) जारी किया है।

इस स्वीकृति पत्र के तहत फर्म को जयपुर मेट्रो फेज-2 के पहले पैकेज में प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गोशाला तक के 12 किलोमीटर के कॉरिडोर के लिए एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशन (प्रहलादपुरा, मानपुरा, बीलवा कलां, बीलवा, गोनेर मोड़, सीतापुरा, जेईसीसी, कुंभा मार्ग, हल्दीघाटी गेट और पिंजरापोल गोशाला) के डिजाइन एवं निर्माण पूर्ण करना होगा। इसके साथ ही जयपुर मेट्रो फेज-2 के डिपो की ओर जाने वाली स्पर लाइन का निर्माण कार्य पैकेज में शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा मेट्रो के अधिकारियों को कुल 41 किलोमीटर में से शेष 29 किलोमीटर के लिए भी शीघ्र निविदा आमंत्रित करने के लिए निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 13,037.66 करोड़ रुपये की इस परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की एक उच्च स्तरीय बैठक में इसके त्वरित क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिये थे।

- **जल्द शुरू होगा प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक के 12 किलोमीटर के कॉरिडोर का निर्माण कार्य**
- **एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशन के डिजाइन और निर्माण का होगा कार्य**

## गार्ड ने की बच्चियों के साथ अभद्रता

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के थाना इलाके में स्कूल जाती नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हे मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। वहीं पुलिस आरोपी के मोबाइल फोन की जांच करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि एक सिक्योरिटी गार्ड ने शुक्रवार सुबह पैदल जा रहीं स्कूल की नाबालिग बच्चियों को रोककर उनके साथ अश्लील हरकते की और मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाए। बच्चियों ने आरोपी गार्ड की हरकते देख विरोध किया और शोर मचा दिया। इस पर आरोपी गार्ड मौके से फरार हो गया। बच्चियों ने घर पहुंच कर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुस्साए परिजनों ने आरोपी गार्ड के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कुछ ही देर में आरोपी गार्ड को हिरासत में ले लिया।

# भूमि पर कब्जे को लेकर दर्ज एफआईआर रद्द करने से इंकार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने मानसरोवर में निचली अदालत के स्टे शुदा भूमि पर कब्जा करने से जुड़े मामले में आरोपी प्रमोद शर्मा सहित अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश प्रमोद शर्मा की ओर से दायर आपराधिक याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ गत 13 जुलाई को मानसरोवर थाने में भूमि पर कब्जा करने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि एफआईआर में उस पर कोई स्पष्ट आरोप नहीं लगाया गया है। इसके अलावा वह भूमि से जुड़ी दोनों गृह निर्माण सहकारी समितियों के कार्यों से जुड़ा हुआ नहीं है। इसके अलावा एफआईआर में ही बताया गया है कि जमीन को लेकर बीते दो दशक से पथिक गृह निर्माण सहकारी समिति और नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति के बीच सिविल विवाद चल रहा है। ऐसे में सिविल मामले को आपराधिक प्रकरण में बदलने के लिए यह एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर के अनुसार सितंबर-अक्टूबर 2024 में कब्जा करने की बात कही है तो फिर 17 जुलाई, 2025 तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई गई। ऐसे में उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए।

जिसका विरोध करते हुए परिवादी घनश्याम शर्मा के वकील गिर्राज प्रसाद शर्मा ने कहा कि आरोपी अपने आप को मुख्यमंत्री का साला बताकर प्रभाव जमाता है। जब पुलिस ने जांच के दौरान गत 15 अप्रैल और 17 अप्रैल को नोटिस दिया तो उसने यह याचिका दायर कर दी। जबकि अभी मामले में अनुसंधान शुरू ही हुआ है।

# ध्यान और चिंतन से जीवन को आनंदित किया जा सकता है : डॉ. जय मदान

**हरिद्वार।** केन्द्र सरकारके जनजातीय कार्य मंत्रालय के पदाधिकारियों का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' 30 अप्रैल से 1 मई तक पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के उद्देश्य से किया गया। शिविर में, भारत के विभिन्न राज्यों के प्रधान सचिव, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों और अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शुभारम्भ डॉ. अर्चना तिवारी व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। भारत सरकार के प्रतिनिधि मनीष त्रिपाठी ने ग्रामीण समाज में आजीविका मॉडल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनजातीय विकास, अर्थव्यवस्था और सतत आजीविका के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों को साझा किया। इस अवसर पर जनजातीय वर्गों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की तथा भावी योजनाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु रणनीतियों पर बल दिया।



**पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के पदाधिकारियों का 'चिंतन शिविर' आयोजित हुआ।**

प्रसिद्ध ज्योतिषी व वास्तु विशेषज्ञ डॉ. जय मदान ने वास्तु के माध्यम से जीवन में संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखने के उपाय बताए। उन्होंने वैदिक ग्रंथ ऋग्वेद में वर्णित पवित्र पेय 'सोम' का उल्लेख करते हुए बताया कि यह सोमलता से निर्मित औषधीय रस था, जिसे यज्ञों में देवताओं को अर्पित किया जाता था। चंद्रमा का अमृत शरीर को शीतलता और आंतरिक प्रसन्नता प्रदान करने का प्रतीक माना गया है। उन्होंने आध्यात्मिक योग को तन, मन और आत्मा का समन्वय बताया, जो साधक को परमात्मा से जोड़ता है। 'लक्ष्मीवान' शब्द समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने तीसरी आँख (आज्ञा चक्र) को जागृत करने हेतु त्राटक और ॐ जप जैसे सरल अभ्यासों पर जोर दिया, जो एकाग्रता और मानसिक शांति बढ़ाते हैं। ध्यान एवं चिंतन करने से जीवन में आनंद की अनुभूति होती है। इसके साथ ही, उन्होंने अपनी संतानों को केवल जैविक नहीं अपितु भविष्य की पीढ़ी के रूप में भी परिभाषित किया गया।

मंत्रालय प्रतिनिधि अतुल के. शाह ने कहा कि हमें अनावश्यक चिंता से बचते हुए आत्मविश्वास से जीवन जीना चाहिए। 'मुन्नाभाई' फिल्म का उदाहरण देते हुए बताया कि केवल कागजी ज्ञान पर्याप्त नहीं बल्कि सहानुभूति और शांति से समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य व्यक्ति को व्यक्तिगत सफलता और आर्थिक प्रगति की ओर ले जाते हैं तथा समाज में सकारात्मक मूल्यों का निर्माण करते हैं। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम एक बार खुलकर हँसने की सलाह दी, इसे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे तनाव के हार्मोन कम होते हैं। इस दौरान, अधिकारियों, विशेषज्ञों और सभी प्रतिनिधियों ने पतंजलि फूड, हर्बल गार्डन तथा अनुसंधान केंद्र का विस्तृत भ्रमण किया और गंगा आरती में भी सहभागिता की। उन्होंने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजकों ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## 12 जोड़े बने एक दूजे के हमसफर

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा, जयपुर के तत्वाधान में 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़े एक-दूजे के हजारों समाज बंधुओं की मौजूदगी में हमसफर बने और एक-दूसरे का साथ निभाने का वचन लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द शर्मा ने बताया की सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के भगीरथ बंधुओ द्वारा समाज हित में एक सार्थक सोच व अंगद कदम हैं सामूहिक विवाह मात्र एक विवाह का आयोजन भर नहीं हैं अपितु इसके प्रभाव व समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं कन्या का विवाह करानें से बढ़कर कोई अन्य पुनीत कार्य नहीं है। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा सैकड़ों कन्याओं के हाथ सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से पीले कर रही हैं।

## वेबसाइट का नाम खुद तय कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर अपनी अलग पहचान बनाने की सोच रखने वाले संगठनों के लिए अब बड़ा मौका सामने आया है। इंटरनेट कॉर्पोरेशन फॉर असाइंड नेम्स एंड नंबर्स (आईसीएएनएन) ने नए जेनेरिक टॉप-लेवल डोमेन (जीटीएलडी) के लिए आवेदन की विंडो खोल दी है। यानि अब कंपनियां, संस्थाएँ या शहर अपने नाम से डॉट के बाद आने वाला हिस्सा खुद तय कर सकते हैं।